POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 21.01.2025

1.थाना इकोटेक-3 पुलिस द्वारा ट्रैक्टर व ट्राली चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का 01 ट्रैक्टर व ट्राली बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 21.01.2025 को थाना इकोटेक पुलिस द्वारा लोकल इन्टेलीजेन्स व सर्विलांस के आधार पर अभियुक्त 1.मनसुख उर्फ मुसकी पुत्र शिवराज 2.शिवम पुत्र कल्लू को ग्राम कमरोली, जनपद हरदोई से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का 01 ट्रैक्टर मय ट्राली बरामद किया गया है।

घटनाक्रम का विवरण-- दिनांक 07/08.01.2025 की रात्रि में 02 अज्ञात चोर द्वारा ग्राम हबीबपुर से 01 आयशर ट्रैक्टर मय ट्राली के साथ चोरी कर लिया गया था। उक्त घटना के सम्बन्ध मे वादी की तहरीर के आधार पर थाना इकोटेक-3 पर मु0अ0सं0 027/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया था। उक्त घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए करीब 500 सीसीटीवी कैमरो की फुटेज को चेक करने के बाद दोनो चोर को मय चोरी की ट्रैक्टर ट्राली के जनपद हरदोई मे ट्रेस किया गया। अभियुक्तों की पहचान 1.मनसुख उर्फ मुसकी पुत्र शिवराज निवासी ग्राम कमरोली, थाना सूरसा, जनपद हरदोई उम्र करीब 20 वर्ष 2.शिवम पुत्र कल्लू निवासी ग्राम कमरोली, थाना सूरसा, जनपद हरदोई उम्र 24 वर्ष के रूप मे हुई।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--

1. मनसुख उर्फ मुसकी पुत्र शिवराज निवासी ग्राम कमरोली, थाना सूरसा, जनपद हरदोई उम्र करीब 20 वर्ष।
2. शिवम पुत्र कल्लू निवासी ग्राम कमरोली, थाना सूरसा, जनपद हरदोई उम्र 24 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग का विवरण--

1. मु0अ0सं0 027/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना इकोटेक-3, गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी का विवरण--

1. एक आयशर ट्रैक्टर मय ट्राली